# अयोध्या में दलित युवती से बलत्कार शव से निकाली आँखें

## कांग्रेस सेवादल ने फूंगा मुख्यमंत्री योगी का पुतला

सीहोर( निप्र)। उत्तर प्रदेश में श्रीराम की जन्म स्थलीय अयोध्या जिले में दलित महिलाओं से बलत्कार व प्रयागराज कुम्भ मेले में 411 से अधिक श्रद्धालुओं की मौत के जिम्मेदार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आक्रोशित सेवादल कांग्रेस ने भोपाल नाके पर पुतला फुका। इस अवसर पर सेवादल कांग्रेस अध्यक्ष नरेन्द्र खंगराले ने बताया कि दिनांक 31 जनवरी 2025 अयोध्या नगर थाने के ग्राम अन्तर्गत लापता युवती जिसकी गुमसुदगी की रिपोर्ट परिवारजनों द्वारा की गई थी। उक्त युवती के साथ दरिंदों द्वारा सामूहिक बलत्कार कर उसके गुप्तांग में चोट पहुंचाकर उसके हाथ-पेर तोडक़र मृत अवस्था में उसकी दोनों आँखें निकाल ली। श्री खंगराले ने बताया कि युवती का शव गाँव से आधा किमी दूर नहर के पास उनके जीजा को मिला। मृतका की भयाभय लाश को देखकर बड़ी बहन एवं गाँव की अन्य महिलाऐं बेहोस हो गई। उपस्थित कांग्रेसजनों ने आरोप लगाया है कि अयोध्या पुलिस तुरन्त एक्शन में आ गई होती तो दलित बेटी की जान बचाई जा सकती थी। सभी सेवादल कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा योगी फेल भेजों जेल के गगन भेदी नारों के साथ योगी सरकार का पुतला फुंका गया तथा सरकार दलित बेटियों की आबरु बचाने में नाकाम रही। दलित अत्याचार एवं कुंभ मेले में श्रद्धालुओं के मौत के जिम्मेदार योगी से इस्तिफे की मांग कर दलित युवती के हत्यारों को फास्ट ट्रेक अदालत में फांसी की सजा की मांग के साथ पीड़ित परिजनों को एक करोड़ रूपये की आर्थिक सहायता की भी मांग की गई। पुतला दहन



करने वालों सेवादल कांग्रेस कार्यकर्ताओं में प्रमुख रूप से नरेन्द्र खंगराले, सीताराम भारती, डॉ.अनीस खान, पंकज शर्मा, आरती नरेन्द्र खंगराले, दीपक सोनकर, प्रीतम दयाल चौरसिया, धरम प्रकाश आर्य, पन्नालाल खंगराले, मांगीलाल टिमरई, जय सिंह भारती जनपद सदस्य प्रतिनिधि, हरिराम मंगरोलिया, भँवर लाल पेठारी, मधुसुदन अग्रवाल, खेमराज मटरू टेलर, शेरू खाँ, विजय वर्के, देवकरण सूर्यवंशी, मनोहर मालवीय, नन्दु चौहान, अनिल यादव आदि शामिल है।

# नर्मदा पुराण में उमड़ा आस्था का सैलाब

## नर्मदा नदी का सनातन धर्म में विशेष स्थान-पंडित चेतन उपाध्याय

सीहोर (निप्र)। नर्मदा नदी का सनातन धर्म में विशेष स्थान है। देवों के देव महादेव की पुत्री हैं नर्मदा। नर्मदा पुराण के अनुसार शिव से नर्मदा की उत्पत्ति हुई है। इसलिए वे शिव की पुत्री हैं। नर्मदा के अनेक नाम है, लेकिन इनमें शांकरी, रुद्रदेह, रेवा प्रमुख नाम है। वायुपुराण के अनुसार तांडव नृत्य करते समय शिव का जो पसीना निकला वह नर्मदा के रूप में प्रवाहित हुआ। वहीं स्कंद पुराण के अनुसार शिव की तपस्या के दौरान निकले पसीने की बूंद से नर्मदा की उत्पत्ति हुई है। उक्त विचार शहर के ब्रह्मपुरी कालोनी स्थित भगवान शिव मंदिर में जारी सात दिवसीय नर्मदा पुराण के छठवें दिन कथा वाचक पंडित चेतन उपाध्याय ने कहे। उन्होंने गुरु के महत्व बताते हुए कहा कि गुरु के बिना ज्ञान की प्राप्ति नहीं होती है। गुरु ही हमें धर्म का मार्ग दिखाते हैं। मानव के जीवन में पांच गुरु आवश्यक हैं। प्रथम गुरु मां होती है, जो जन्म देती है। दूसरे गुरु पिता जो पालन करते हैं। तीसरे गुरु व्यवसाय सिखाने वाले, चौथे गुरु कुलगुरु जो संस्कार सिखाते हैं और पांचवें गुरु सद् गुरु होते हैं, जो सत्य और परमात्मा का ज्ञान कराते हैं। उन्होंने कहा कि गुरु की शरण में आकर व्यक्ति उनके ज्ञान को धारण करे तो उसका गुरु की शरण में आना सार्थक हो जाता है। लोग गुरु की पूजा करते हैं, लेकिन गुरु के शब्दों की ओर ध्यान नहीं देते हैं। गुरु को मानने के बजाय उनकी बात मानना श्रेष्ठ है। कोई भी गुरु यह नहीं चाहता कि मेरा शिष्य अज्ञानी रहे। हर गुरु यही चाहता है कि मेरा शिष्य मेरे ही समान बने।

# जैविक खेती सिर्फ पैसों के लिए नहीं बल्कि अनेक लोगों के स्वास्थ्य के लिए : मीणा




सीहोर (निप्र)। सीहोर मुख्यालय के ग्राम पड़ियाला में शिवशक्ति ग्रुप ऑफ कंपनी के तत्वाधान में जलवायु परिवर्तन का कृषि पर प्रभाव एवं जैविक कृषि विषय पर एक किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया । जिसमें प्रमुख रूप से वरिष्ठ कृषि अधिकारी अखिलेश मीणा ने कहा कि आज जलवायु परिवर्तन के कारण मानव जीवन एवं बतावरण तथा जीव जंतुओं की जीवन शैली पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। इससे अनेक प्रकार की विसंगतियां एवं प्राकृतिक संतुलन डगमगा रहा है ।उन्होंने कहा कि अत्याधिक वायु प्रदूषण के कारण आंखों में खुजली एवं श्वसन तंत्र संबंधित बीमारियां बढ़ रही हैं । पृथ्वी का तापमान 01 डिग्री सेंटीग्रेड बढने़ पर एक करोड़ लोगों के लिए खाद्यान्न का संकट पैदा होगा। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिकों ने पेरिस सम्मेलन में पृथ्वी का तापमान 02 डिग्री सेंटीग्रेड से अधिक न बढने़ का संकल्प लिया है। भारत में वायु प्रदूषण मौत का पांचवां बड़ा कारण है। खेतों में रसायनों के अत्याधिक प्रयोग ने ज़मीन को बंजर बना दिया। डब्ल्यू एच ओ रिपोर्ट के मुताबिक अगर ऐसा ही चलता रहा तो तो आगामी वर्षों में भारत की 85 फीसदी जनता कैंसर से पीड़ित होगी। इसलिए जैविक खेती को अपनाने की जरूरत है । क्षेत्रीय अधिकारी किशोर प्रजापति जी ने सभी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि आने वाला कल जैविक खेती का होगा। इस कार्यक्रम के समापन के दौरान संस्था पूर्व से जैविक खेती कर रहे कुछ किसानों को संस्था की ओर से सम्मानित किया गया साथ ही में उपस्थित किसानों ने जैविक खेती करने का वचन लिया।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत इछावर में सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित

### सामूहिक विवाह सम्मेलन में 462 वर-वधु परिणय सूत्र में बंधे

### सम्मेलन में 381 बेटियों का विवाह और 81 बेटियों का हुआ निकाह

सीहोर, ( निप्र)। मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना के अन्तर्गत इछावार में सामूहिक कन्या विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में 462 जोड़े विवाह सूत्र में बंधे। इसमें 81 निकाह शामिल हैं। इस सामूहिक विवाह सम्मेलन में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने विवाह सूत्र में बंधे नव दंपतियों को आशीर्वाद दिया तथा भावी जीवन की मंगल कामना की और मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अन्तर्गत हितग्राहियों को 51 हजार रूपए राशि के चेक प्रदान किए। अनेक जनप्रतिनिधियों सहित कलेक्टर श्री बालागुरू के ने सभी नव दंपत्तियों को भावी जीवन की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि प्रदेश में जब से मुख्यमंत्री लड़ली लक्ष्मी योजना और मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना शुरू हुई है, तब से बेटियाँ बोझ नहीं बल्कि वरदान बन गई हैं। अब बेटी के जन्म पर खुशियाँ मनाई जाती हैं। हर माता-पिता का सपना होता है कि बेटी की शादी धूमधाम से करें, लेकिन आर्थिक तंगी के कारण यह संभव नहीं हो पता। गरीब माता-पिता के इस सपने को प्रदेश सरकार साकार कर रही है और अब बेटियों की शादी धूमधाम से हो रही है। राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश एवं प्रदेश के विकास को नई गति मिल रही है। जनता की भलाई के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के नवीन अवसर उपलब्ध हो सकें इसके लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन निरंतर विदेश यात्राएं कर रहे हैं, जिससें प्रदेश में विभिन्न कंपनियां एवं औघोगिक निवेश बढ़ेगा और युवाओं को विभिन्न कंपनियों में रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारे देश का वर्चस्व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ रहा है। सरकार सबका साथ, सबका विकास करने की भावना के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा के आमजन के राजस्व संबंधी प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए राजस्व महाभियान 1.0 एवं राजस्व महाभियान 2.0 की सफलता के बाद प्रदेश में राजस्व महाभियान 3.0 चलाया गया। जिसमें आमजन के राजस्व संबंधी प्रकरणों का त्वरित निराकरण किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जनकल्याण के लिए अनेकों हितग्राही मूलक योजनाएं चलाई जा रहीं हैं। इन सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के लिए प्रदेश में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर शिविर लगाकर सभी पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाया गया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है एवं उनके लिए अनेकों योजनाएं चलाई जा रही हैं।



### नागरिकों को योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए नियमों का पालन करते हुए? प्रक्रिया का करें सरलीकरण : कलेक्टर बालागुरु के

सीहोर, (निप्र)। शासन की सभी योजनाएं तथा सेवाएं आमजन तक सुलभता से पहुंचे इसके लिए सभी अधिकारी विभागीय नियमों का पालन करते हुए प्रक्रिया का सरलीकरण करें। ताकि अधिक से अधिक हितग्राही लाभान्वित हो सकें। यह बात कलेक्टर बालागुरू के ने टीएल बैठक के दौरान सभी अधिकारियों से कही। उन्होंने कहा कि शासन की सभी योजनाओं का उद्देश्य प्रदेश का सर्वांगीण विकास और नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाना है। इसलिए सभी अधिकारी पूरी गंभीरता से अपने उत्तरदायित्वों के निर्वहन के साथ ही आम नागरिकों की समस्याओं तत्परता से निराकरण करें। बैठक में कलेक्टर श्री बालागुरू के ने सभी अधिकारियों को पूर्व से विभागीय लंबित आवेदनों के निराकरण करने और सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों के जिलाधिकारियों से कहा कि अधिक समय तक शिकायतें लंबित न रहें। उच्च शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर बालागुरू के ने कहा कि छात्रों को छात्रवृत्ति समय पर मिले इसके लिए ऑनलाइन आवेदन प्राप्त होंने के पश्चात सत्यापन की प्रक्रिया का सरलीकरण करें।

# वैष्णव बैरागी समाज द्वारा नपाध्यक्ष प्रतिनिधि का किया स्वागत



आष्टा ( निप्र)। नगर के लिए पूर्ण समर्पण भाव से कार्य करने वाले, हर तबके की चिंता रखने वाले ऐसे नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा के जन्मदिन के अवसर पर वैष्णव बैरागी समाज प्रतिनिधि मंडल द्वारा प्रतिक चिन्ह भेंटकर एवं पुष्पमाला पहनाकर स्वागत सम्मान कर जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि आपके स्नेह, आशीर्वाद का मैं हमेशा ऋणी रहूंगा। आपके द्वारा सामाजिक कार्यक्रम आयोजित कर जो मांग मेरे समक्ष रखी थी उसे पूर्ण करने का मैं पूर्ण प्रयास करूंगा। स्वागत करने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष कमल बैरागी, संयोजक राकेश बैरागी, नगर अध्यक्ष दुर्गादास बैरागी, ब्रजमोहन बैरागी, राहुल बैरागी, आशीष बैरागी, अशोक बैरागी ,संतोष वैष्णव पुजारी संघ अध्यक्ष पूरण मेवाड़ा, आकाश मेवाड़ा आदि शामिल थे।

# मीजल्स, रुबेला उन्मूलन के लिए टीकाकरण का द्वितीय राउंड शुरु

## 04 फरवरी को स्वास्थ्य संस्थाओं में आयोजित होंगे कैंसर जांच शिविर



सीहोर (निप्र)। शासन के निर्देशानुसार मीजल्स रूबेला उन्मूलन के लिए विशेष टीकाकरण केचअप राउन्ड द्वितीय चरण का शुभारंभ किया गया। यह चरण 03 फरवरी से 08 फरवरी 2025 तक चलेगा। इस टीकाकरण सप्ताह में विशेष एमआर (मीजल्स एवं रूबेला) वाले बच्चों को चिन्हांकित कर उनका टीकाकरण किया जाएगा। सीएमएचओं डॉ सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया की एचएमआईएस डाटा के विश्लेषण के उपरांत हाई रिस्क उपस्वास्थ्य केन्द्रों पर सघन निगरानी रखी जा रही हैं। इस अवसर राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के तहत मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के लिए जिले की क्षेत्रीय स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को अनमोल टेबलेट का वितरण किया गया।

**04 फरवरी को मनाया जाएगा विश्व कैंसर दिवस**

सीएमएचओ डॉ डेहरिया ने बताया कि 04 फरवरी को जिले के प्रत्येक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सिविल अस्पताल एवं जिला अस्पताल में कैंसर जाँच शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस शिविर में 30 से 65 वर्ष आयु वर्ग के कैंसर के मरीजों का चिन्हांकन किया जाएगा।

### भारत और सनातन दोनों एक हैं इनको अलग नहीं किया जा सकता : पं. मोहितरामजी

सीहोर ( निप्र)। सनातन हे तो भारत है भारत है तो सनातन है ,भारत और सनातन एक दूसरे के पूरक हैं भारतवर्ष की आत्मा सनातन धर्म है हमारे सनातन धर्म का मुकुट भारत है प्राण सर्वश हमारा भारत देश है भारत के बिना सनातन और सनातन के बिना भारत की कल्पना नहीं की जा सकती उक्त क्रांतिकारी वचन श्रीपाल वाले बाबा हनुमान मंदिर प्रांगण में चल रही नव दिवसीय श्री राम कथा के दौरान सिद्धपुर माटी के युवा संत क्रांतिकारी वक्ता कथा व्यास परम गोसेवक पंडित मोहितराम जी पाठक ने व्यक्त किया आगे कथा में वर्णन करते हुए कहा कि जिस प्रकार भगवान श्री राम ने अयोध्या से संपूर्ण भारतवर्ष की यात्रा कर भारत और सनातन को एक करा हमको भी पुन: भारत को अखंड बनने के लिए सनातन धर्म की ज्योत सदैव जलती रहे इसलिए सभी हिंदुओं को मिलकर सभी को एक होकर राष्ट्र धर्म का कार्य करना होगा श्रीराम कथा हमें यही सिखाती है भगवान राम स्वयं भारत वर्ष से सबसे अधिक प्रेम करते थे भारत की रक्षा के लिए वन वन घूम कर सनातन की रक्षा की सभी ऋषि मुनियों के आश्रम जाकर धर्म की स्थापना करी आज दोराहा की पावन भूमि से श्रीराम कथा में हम सभी संकल्प करते हैं कि हर हिंदू घर में एक गाय भारत को सनातन धर्म को निरंतर आगे बढ़ाएंगे कथा के दौरान भगवान श्री राम जानकी का विवाह उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया आज की कथा में विश्व हिंदू परिषद मध्य भारत प्रांत गौ रक्षा आयाम के उपाध्यक्ष अजीत शुक्ला भाई साहब विश्वहिंदू परिषद सीहोर जिला के जिला मंत्री राकेश कुमार विश्वकर्मा भाई साहब बजरंग दल जिला संयोजक विवेक राठौर बजरंग दल जिला कोषाध्यक्ष महेश मेवाड़ा जिला सहसंयोजक आशीष सिंह सिसोदिया बड़ी संख्या में समिति श्रोता और क्षेत्र के सनातनी हिंदू जन उपस्थित रहे कथा के तीन दिन शेष रहे हैं आयोजन समिति में सभी धर्म प्रेमी बंधुओ से श्रीपाल वाले बाबा हनुमान मंदिर पर पधारकर धर्म लाभ लेने का आग्रह किया।

# भावी पीढ़ी को संस्कारों से जोड़ेगा संस्कृत विद्यालय : राय

सीहोर (निप्र)। बसंत पंचमी के पावन अवसर पर सीताराम आश्रय, गौतीर्थ में यज्ञोपवित संस्कार कार्यक्रम में विधायक सुदेश राय मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। बसंत पंचमी के पावन अवसर पर विधायक सुदेश राय ने नि:शुल्क संस्कृत विद्यालय का विधिवत शुभारंभ किया । सीताराम आश्रय व्यवस्थापक प्रबंधक आचार्य और शिष्यों ने विधायक सुदेश राय का पुष्प माला पहना कर तिलक करण कर स्वागत किया। बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर विधायक सुदेश राय ने गौशाला में पहुंचकर गौ माता को जहां गुड़ खिलाया वहीं उन्होंने गौशाला का निरीक्षण भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सुदेश राय ने कहा कि वेद-विज्ञान और संस्कृत शिक्षा के प्रचार-प्रसार में संस्कृत विद्यालय महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि यह हमारी सनातन परंपराओं को सशक्त बनाने और भावी पीढ़ी को संस्कारों से जोड़ने का एक प्रेरणादायक प्रयास है।



# ग्राम पंचायत झरखेड़ा और अमलाहा में हुए भ्रष्टाचार को लेकर कांग्रेसजनों ने जिला पंचायत सीईओ को सौंपा ज्ञापन

## भ्रष्टाचार के दोषी जनप्रतिनिधियों सहित सीहोर और इछावर जनपद सीईओ पर भी कड़ी कार्यवाही की मांग की

सीहोर (निप्र)। सीहोर जनपद की ग्राम पंचायत झरखेड़ा और इछावर जनपद की ग्राम पंचायत अमलाहा में हुए भारी भ्रष्टाचार का मुद्दा पिछले कई महीनों से सुर्खियों में बना हुआ है, अब इसे लेकर कांग्रेसजनों ने एक बार फिर से मोर्चा खोल दिया है । सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला कांग्रेस के पूर्व महासचिव पंकज शर्मा के नेतृत्व में जिला पंचायत कार्यालय पहुंचकर जिला पंचायत सीईओ डॉ. नेहा जैन से मुलाकात कर उनको एक ज्ञापन सौंपा । ज्ञापन के माध्यम से पंकज शर्मा ने जिला पंचायत की

मुख्य कार्यपालन अधिकारी से सीहोर जनपद की ग्राम पंचायत झरखेड़ा और इछावर जनपद की ग्राम पंचायत अमलाहा में हुए भ्रष्टाचार के दोषियों पर कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की । इस बारे में अधिक जानकारी देते हुए पंकज शर्मा ने कहा कि सीहोर जनपद की ग्राम पंचायत झरखेड़ा और इछावर जनपद की ग्राम पंचायत अमलाहा में लाखों रुपए के भ्रष्टाचार का मामला सामने आने और इन दोनों ही मामलों में पंचायत सचिवों, सरपंच, पूर्व सरपंच और पूर्व सरपंच पति की सीधी संलिप्तता सामने आने के बावजूद दोषियों पर कोई ठोस कार्रवाई ना किए जाने से सीहोर जिला प्रशासन की काफी किरकिरी हो रही है और उसकी कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं जबकि इन दोनों ही मामलों में जिला प्रशासन की जांच के बाद इन सभी लोगों को दोषी पाया गया था लेकिन फिर भी इन पर कोई कार्यवाही ना होना दुर्भाग्यपूर्ण है । पंकज शर्मा ने जिला पंचायत सीईओ से कहा कि वो इन दोनों ही मामलों में हुई जांच में दोषी पाए गए पंचायत सचिवों, सरपंच, पूर्व सरपंच और पूर्व सरपंच पति के खिलाफ सख्त कार्रवाई करवाते हुए उन्हें जेल भिजवाएं ताकि आम जनता में सीहोर जिला प्रशासन की छवि में सुधार हो सके । इसके अलावा पंकज शर्मा ने इन दोनों ही मामलों में हीला-हवाली और लापरवाही करने के कारण सीहोर और इछावर जनपद पंचायत के सीईओ पर भी तत्काल निलंबन की कार्यवाही किए जाने की मांग की है, विशेषकर सीहोर जनपद पंचायत सीईओ की विवादित कार्यशैली और उनके द्वारा लगातार भ्रष्टाचार के दोषियों को संरक्षण दिए जाने, वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करने, सरकारी आयोजनों में राजनीतिक दलों के लोगों का स्वागत-सम्मान करने, जनपद पंचायत की बैठकों में बिना महिला जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति के पुरुषों की उपस्थिति में बिना कोरम पूरा किए ही महत्वपूर्ण निर्णय पारित करने पर सवाल उठाते हुए पंकज शर्मा ने उन्हें अविलंब पद से हटाए जाने की मांग जिला पंचायत सीईओ से की है । ज्ञापन का वाचन पंकज शर्मा द्वारा किया गया । इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी श्यामपुर के पूर्व अध्यक्ष सत्यनारायण भाटी, भंवरलाल पाटिल, मंशाराम अहिरवार, मुख्तारनगर के पूर्व सरपंच सदरुद्दीन खान उपस्थित रहे ।

**कार्यालय जनपद पंचायत सीहोर, जिला सीहोर**
(आई.एस.ओ. 9001-2008 प्रमाणित संस्था)
(दूरभाष क्रमांक:-07562-222730)
(E-mail:jpsehore-mp@nic.in)

क्रमांक/15/जनपद/2025 सीहोर दिनांक 03/01/2025

**वाहन किराये पर लेने हेतु निविदा विज्ञप्ति**

जनपद पंचायत सीहोर में मनरेगा योजनांतर्गत निर्माण कार्यों के निरीक्षण उपयोग हेतु बोलेरो/स्कोर्पियो डीजल वाहन स्वामियों से इन वाहनों की मासिक किराये की दरें निर्धारित प्रपत्र में अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में दिनांक 10.02.2025 के दोपहर 12 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र राशि 200/-जमा कर जनपद पंचायत सीहोर से कय किये जा सकते है, प्राप्त निविदाएँ दिनांक 13.02.2025 को दोपहर 3 बजे उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष खोली जाएगी निविदा से संबंधित विविरण एवं शर्तें कार्यालयीन समय में कार्यालय जनपद पंचायत सीहोर में अवलोकित की जा सकती है निविदाओं को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सीहोर को रहेगा। निविदाकर्ता/प्रतिनिधि की उपस्थिति अनिवार्य होगी।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सीहोर**

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा कलेक्ट्रेट के सामने कलेक्ट्रेट रोड सीहोर म.प्र. से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना।
स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com